मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 193, मुंबई, गुरुवार, 14 सितंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






# महाराष्ट्र में बारिश का दौर शुरू

## 10 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बुधवार से बारिश का नया दौर शुरू हो गया है। सुबह से ही विभिन्न इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। हालांकि किसानों को अभी अच्छी बारिश की बहुत जरूरत है। क्योंकि पानी की कमी से खरीफ की फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। इस बीच मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मॉनसून के मजबूत होने से राज्य में आगामी दिनों में जोरदार बारिश होगी। दस जिलों में मूसलाधार बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई में नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन

# अंधेरी में 4 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त

## 2 तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पुलिस ने ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी की है। खुफिया इनपुट के आधार पर छापेमारी में चार करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। साथ ही दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया है। एक अधिकारी ने बताया, मुंबई क्राइम ब्रांच को शहर के अंधेरी इलाके में दो संदिग्ध ड्रग पेडलर्स के बारे में जानकारी मिली थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



4 करोड़ 6 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गयी है। एक संदिग्ध आरोपी के पास से पुलिस ने लगभग 1016 ग्राम एमडी जब्त की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 2 करोड़ 3 लाख रुपये है। जबकि दूसरे आरोपी के पास से 1017 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2 करोड़ से अधिक है



# ऋषि सुनक का नाम लेकर एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर बोला हमला

## ... कहा- मैं सारे राज जानता हूं

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने भारत आये ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक महाराष्ट्र की सियासत में चर्चा का विषय बन गए हैं। इसकी वजह सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का हाल में दिया हुआ एक बयान है। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का नाम लेते हुए शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए। एकनाथ शिंदे ने जी-20 डिनर में ऋषि सुनक से हुई अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा, 'यूटी' लंदन जाते हैं, बड़ी प्रॉपर्टी खरीदते हैं और ठंडी हवा खाते हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# 28 वर्षीय युवती की हत्या की गुत्थी सुलझी, कातिल पति-पत्नी गिरफ्तार

# सामने आया खौफनाक सच!

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले से एक खौफनाक घटना सामने आई है। नायगांव में एक 28 वर्षीय युवती की हत्या के आरोप में उसके पूर्व प्रेमी व उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि विवाहित जोड़े ने पिछले महीने 28 वर्षीय नैना महतो की हत्या कर उसके शव को गुजरात में ठिकाने लगाया था। पुलिस के मुताबिक, वसई शहर में रहने वाले मनोहर शुक्ला और उसकी पत्नी पूर्णिमा शुक्ला ने कथित तौर पर 9 अगस्त को नैना (मनोहर की पूर्व प्रेमिका) के शव को एक सूटकेस में रखकर वलसाड (गुजरात) में एक नाले में फेंक दिया। जिस इमारत में पीड़िता रहती थी, उस इमारत की लिफ्ट में लगे सीसीटीवी में दंपति का एक वीडियो रिकॉर्ड हुआ है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## नैना ने दर्ज कराया था रेप केस

*पुलिस ने बताया कि जब नैना को पता चला कि मनोहर की शादी हुई है तो उसने उसके खिलाफ बलात्कार का केस दर्ज कराया था। इस मामले में मनोहर को जेल की हवा भी खानी पड़ी थी। इसलिए मनोहर नैना पर अपनी शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहा था। वारदात के दिन भी इसी को लेकर दोनों में बहस शुरू हुई थी। उसके बाद पति-पत्नी ने कथित तौर पर नैना के शव को सूटकेस में भर दिया और उसे गुजरात के वलसाड जाकर एक नाले में फेंक दिया। 14 अगस्त को नैना की बहन द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस लगभग एक महीने बाद मामले को सुलझाने में कामयाब रही।*

## वारदात के दिन क्या हुआ?

पुलिस ने कहा कि हत्या के दिन 9 अगस्त को कथित तौर पर मनोहर सुबह-सुबह नैना से मिलने उसके घर गया था। पुलिस के मुताबिक, दोनों के बीच तीखी बहस हुई जिसके बाद नैना ने एसिड पीकर खुद को चोट पहुंचाने की धमकी दी। गुस्से में मनोहर ने कथित तौर पर नैना के सिर को पानी से भरी बाल्टी में कई बार डुबाया, जिससे वह अचेत हो गयी। पुलिस ने आगे बताया कि नैना को उसी हालत में छोड़कर मनोहर काम पर चला गया।

## हमारी बात

### महंगाई से राहत नहीं



**भारत में आम लोगों को महंगाई से कोई राहत नहीं मिलने जा रही है। और अब आई ताजा खबर ने इस मोर्चे पर चिंता और बढ़ा दी है। खबर यह है कि रूस ने भारत को रियायती दर पर उर्वरकों की बिक्री रोक दी है।**

अगर मुद्रास्फीति दर में बहुत मामूली गिरावट भी आ जाए, तो अखबारी सुर्खियां उसे इस रूप में पेश करती हैं, जैसे अब महंगाई में वास्तविक गिरावट आने लगी है। जबकि उसका असल मतलब यह होता है कि गुजरे महीने या तिमाही में महंगाई बढ़ने की दर कुछ धीमी रही। मसलन, अगस्त के आंकड़ों में बताया गया है कि इस महीने मुद्रास्फीति की दर 6.83 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह दर 7.44 फीसदी थी। इसका अर्थ यह हुआ कि महंगाई जुलाई की तुलना में 0.61 प्रतिशत कम दर से बढ़ी। क्या इसे महंगाई पर काबू पा लेना कहेंगे? अब जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति का आंकड़ा भी आया है, जिसके मुताबिक उस महीने खाद्य पदार्थों की कीमत लगभग दस प्रतिशत की दर से बढ़ी। जाहिर है, लोगों को महंगाई से कोई राहत नहीं मिल रही है। और अब आई ताजा खबर ने इस मोर्चे पर चिंता और बढ़ा दी है। खबर यह है कि रूस ने भारत को रियायती दर पर उर्वरकों की बिक्री रोक दी है। 2022 में रूसी कंपनियां भारत की सबसे बड़ी खाद सप्लायर बन गई थी। तब प्रतिबंधों के कारण रूसी खाद कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद बेचने में परेशानी हो रही थी। इससे बचने के लिए उन्होंने भारत को सस्ते दाम पर डी-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बेचना शुरू किया। एक विदेशी समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक अब यह सस्ती सप्लाई बंद हो कर दी गई है। एजेंसी ने भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी से इस सूचना की पुष्टि भी की है। डीएपी भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली रासायनिक खाद है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने रूस से 43.5 लाख टन रासायनिक खाद खरीदी। इनमें सबसे ज्यादा हिस्सेदारी डीएपी, यूरिया और एनपीके खाद की थी। सस्ती सप्लाई रुकने का सीधा असर खेती की लागत बढ़ने के रूप में सामने आएगा। उसका असर अनाज और अन्य खाद्य पदार्थों की महंगाई और बढ़ने के रूप में सामने आएगा। साफ है, महंगाई से अभी आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है- अखबारी सुर्खियां चाहे आंकड़ों को जिस हद तक चासनी में लपेटें।

# नागरिकों का प्रजा में बदल जाना

**यह वादा कर रही हैं कि निजी सेक्टर में आरक्षण की व्यवस्था करेंगे। लोग भी संतोष कर रहे हैं कि सरकारी सेक्टर में नौकरियां कहां हैं, जो सरकार कुछ करे। सवाल है कि सरकार नौकरियों के अवसर बनाने वाली योजनाएं क्यों नहीं बनाती हैं? अगर संविधान हर नागरिक को सम्मान से जीने का अधिकार देता है तो पांच किलो मुफ्त अनाज में क्या सम्मान है? असल में वोट हासिल करने के इस आसान उपाय की वजह से सरकारों ने दीर्घावधि की योजनाओं पर सोचना बंद कर दिया है और ठोस व ढांचागत विकास का काम हाशिए में डाल दिया है।**

**सामंती** और लोकतांत्रिक व्यवस्था में बुनियादी फर्क यह है कि लोकतंत्र में नागरिक होते हैं, जिनको संविधान से अधिकार मिले होते हैं और शासक उनकी जनरल विल यानी सामान्य इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि सामंती व्यवस्था में प्रजा होती है, जो राजा या सामंत की मर्जी का दास होती है। उसकी सामान्य इच्छा का कोई मतलब नहीं होता है। वहां राजा या सामंत सीधे भगवान का अवतार होता है। राज्य के उत्पत्ति के दैवीय सिद्धांत में इस बारे में विस्तार से बताया गया है। इसके मुताबिक राजा ईश्वर द्वारा चुना गया होता है। अच्छा राजा जनता के अच्छे कर्मों का प्रतिफल होता है और बुरा राजा उसके बुरे कर्मों की सजा देने के लिए होता है। आजादी के बाद भारत में लोकतंत्र अपनाया गया और एक भारी-भरकम संविधान भी बना, जिसमें नागरिकों को कई अधिकार दिए गए। सिद्धांत रूप में शासक को संविधान, संसद और जनता के प्रति जवाबदेह बनाया गया लेकिन धीरे धीरे शासक राजा बनता गया और नागरिकों को प्रजा में बदल दिया गया।

वैसे यह प्रक्रिया तो आजादी के बाद से ही चल रही थी लेकिन पिछले कुछ समय से नागरिकों को प्रजा में बदलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। पिछले दिनों रक्षाबंधन के मौके पर केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में दो सौ रुपए की कमी की और उसके बाद कई तरह से यह बताया गया कि प्रधानमंत्री ने देश की बहनों को रक्षाबंधन की सौगात दी है। सोचें, क्या लोकतंत्र में इस तरह की शब्दावली के बारे में सोचा भी जा सकता है? सामंती व्यवस्था में इस तरह से राजा तीज-त्योहार या अपने जन्मदिन वगैरह के मौके पर सौगात बांटते थे। राजा खुश होता था तो प्रजा को उपहार दिए जाते थे। मोती लुटाए जाते थे। वही व्यवस्था अब भारत में लौट आई। यह सिर्फ केंद्र सरकार या प्रधानमंत्री की बात नहीं है। सभी पार्टियों की सरकारें यह काम कर रही हैं। सब नागरिक को पौनी प्रजा बनाने में लगे हैं। सब उपहार बांट रहे हैं। कोई महिलाओं को उपहार बांट रहा है तो कोई युवाओं को। कोई किसानों को सौगात बांट रहा है तो कोई



छात्रों को। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि अमुक राजा साहेब की ओर से यह सौगात दी गई है इसलिए जनता को उनका आभारी होना चाहिए, उनका धन्यवाद करना चाहिए और उनको चुनाव में वोट देना चाहिए।

अभी भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार सामग्री जारी करने के क्रम में प्रधानमंत्री का एक पोस्टर जारी किया, जिसमें वे पगड़ी बांधे हुए लंबे डग भर रहे हैं और नीचे लिखा गया- भारत भाग्य विधाता! भाजपा ने प्रधानमंत्री को भारत भाग्य विधाता बना दिया! पांच हजार साल के इतिहास वाले देश और 140 करोड़ लोगों की आबादी के भाग्य विधाता प्रधानमंत्री हो गए! वह प्रधानमंत्री, जो खुद को कभी प्रधान सेवक कहते हैं, कभी चौकीदार कहते हैं तो कभी फकीर कहते हैं। उनको उनकी पार्टी भारत भाग्य विधाता बता रही है! रघुवीर सहाय की मशहूर कविता याद आ रही है- राष्ट्रगीत में भला कौन वह भारत भाग्य विधाता है, फटा सुथन्ना पहने जिसका गुन हरचरना गाता है। मखमल टमटम बल्लम तुरही पगड़ी छत्र चंवर के साथ, तोप छुड़ाकर ढोल बजाकर जय-जय कौन कराता है। कितना दुर्भाग्य है कि कहां तो देश के 140 करोड़ लोगों को भारत का भाग्य विधाता होना था लेकिन उनकी सामान्य इच्छा से चुना गया शासक भारत भाग्य विधाता बन गया!

प्रधानमंत्री या भारतीय जनता पार्टी अपवाद नहीं है। हर राज्य का मुख्यमंत्री छोटा मोटा भाग्य विधाता है। प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ लोगों के भाग्य विधाता हैं तो अरविंद केजरीवाल दिल्ली व पंजाब के लोगों के भाग्य विधाता हैं। शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के तो अशोक गहलोत राजस्थान के लोगों के भाग्य विधाता हैं। देश का हर मुख्यमंत्री इन दिनों भाग्य विधाता बना है। हर राज्य में नागरिकों को प्रजा में तब्दील कर दिया गया है। उनको मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है, मुफ्त में इलाज की सुविधा दी जा रही है, मुफ्त में बस यात्रा कराई जा रही है, सस्ती दर पर रसोई गैस के सिलिंडर दिए जा रहे हैं, महिलाओं के खाते में नकद पैसे दिए जा रहे हैं तो किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी जा रही है। केंद्र सरकार दावा कर रही है कि मुफ्त में वैक्सीन लगवा कर मोदीजी ने देश के 140 करोड़ लोगों की रक्षा की। संसद में खड़े होकर सत्तारूढ़ दल का एक सांसद कहता है कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री का आभारी होना चाहिए कि उन्होंने मुफ्त में वैक्सीन लगवाई और करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया करा रहे हैं। चुनाव में नमकहलाली के नाम पर वोट भी मांगे जा रहे हैं, जबकि नमक नागरिक का है। उससे सरकार हर साल करीब 40 लाख करोड़ रुपया कर वसूल रही है और कथित सौगात कितने की होगी, चार या पांच लाख करोड़ रुपए की!

अगर इसे पूरे मामले का सरलीकरण करें तो यह वोट लेने का सबसे आसान तरीका बन गया है। सरकारी खजाने से पैसा निकाल कर सरकारें गरीब, महिला, मजदूर, किसान, युवा, छात्र-छात्रा आदि के नाम पर अलग अलग योजना के तहत कुछ उपहार या पैसे देती हैं। उसके बाद दावा करती हैं कि वह सौगात दे रही है या 'मुफ्त की रेवड़ी' दे रही है। देश की भोली जनता यह नहीं समझती है कि उसी के खून-पसीने की कमाई के पैसे से सरकार उसको थोड़ा बहुत कुछ दे रही है। यह दांव अभी कामयाब है। इसलिए सारी पार्टियां आजमा रही हैं। अगर इस पूरी प्रक्रिया को बारीकी से देखें तो पता चलेगा कि इस तरह के काम सरकारें अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए भी करती हैं। वोट तो उनको मिल ही रहा है, ऊपर से उनकी जिम्मेदारी कोई तय नहीं हो रही है। थोड़े से पैसे या कोई उपहार लेकर जनता खुश है। वह अपने शासकों से नहीं पूछती है कि उसने रोजगार के अवसर बनाने के लिए क्या किया या हर नागरिक के सम्मान के साथ जीने के संवैधानिक अधिकार को पूरा करने के लिए क्या किया?

ऐसा लग रहा है कि सरकारों ने 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने या लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के उपायों के नाम पर फैक्टरी लगाने, उत्पादन बढ़ाने के उपाय करने, बुनियादी ढांचे का विकास करने, स्कूल-कॉलेज-अस्पताल बनवाने, नागरिकों के लिए सम्मान के साथ जीने की स्थितियां पैदा करने का काम छोड़ चुकी हैं। धीरे धीरे सब कुछ बाजार या निजी क्षेत्र के हवाले किया जा रहा है और उस स्थिति से निपटने के लिए जनता को तैयार करने की बजाय उसको थोड़े से पैसे देकर उसका रहनुमा बना जा रहा है। सरकारें रोजगार देने की बजाय आरक्षण का झुनझुना थमा रही हैं। यह वादा कर रही हैं कि निजी सेक्टर में आरक्षण की व्यवस्था करेंगे। लोग भी संतोष कर रहे हैं कि सरकारी सेक्टर में नौकरियां कहां हैं, जो सरकार कुछ करे। सवाल है कि सरकार नौकरियों के अवसर बनाने वाली योजनाएं क्यों नहीं बनाती हैं? अगर संविधान हर नागरिक को सम्मान से जीने का अधिकार देता है तो पांच किलो मुफ्त अनाज में क्या सम्मान है? असल में वोट हासिल करने के इस आसान उपाय की वजह से सरकारों ने दीर्घावधि की योजनाओं पर सोचना बंद कर दिया है और ठोस व ढांचागत विकास का काम हाशिए में डाल दिया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद अवैध इमारतों पर दिवा प्रभाग समिति की तोड़क कार्रवाई शुरू

## भू-माफिया बिल्डरों में मचा हड़कंप

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा शिल।** ठाणे मनपा प्रशासन की 9 प्रभाग समिति मैं धड़ल्ले से चल रहे अवैध बंधकामों को लेकर मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं लगातार आ रही अवैध बंधकामों की शिकायतों को लेकर गंभीर होते हुए प्रभाग समिति के तमाम सहायक आयुक्त को आदेश पारित किया गया है की निमार्णाधीन अवैध इमारतों पर कार्रवाई करते हुए बिजली कनेक्शन और पानी की लाइन काट दी जाए और भू माफिया बिल्डरों पर एमआरटीपी के तहत कार्रवाई की जाए जैसे ही मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर का आदेश पारित हुआ उनके आदेशों का पालन करते हुए दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त अक्षय गड़के और अतिक्रमण विभाग के प्रसाद पलांडे द्वारा भू माफिया बिल्डरों पर कहर बनकर टूट पड़े जिसके बाद अवैध इमारतो पर तोड़क कार्रवाई का सिलसिला शुरू कर दिया है दिवा





शहर में भी अवैध इमारतो पर तोड़क कार्रवाई की गई वहीं दूसरी कार्रवाई शिलफाटा स्थित ग्रीन पार्क में बन रही दो अवैध इमारत की प्लिंथ जेसीबी की सहायता से उखाड़ दी गई है शिल डायगर पुलिस स्टेशन के पुलिस कर्मचारी का कड़ा बंदोबस्त रहा इस अवसर पर दिवा प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त अक्षय गड़के ने जानकारी देते हुए बताया की शिलफाटा स्थित ग्रीन पार्क पर वन विभाग की जगह पर बन रही दो अवैध इमारत की प्लिंथ को जेसीबी की सहायता से उखाड़ दिया गया है और दिवा प्रभाग समिति की ओर से अवैध इमारतो पर लगातार कार्रवाई की जाएगी हमारी ओर से कार्रवाई का सिलसिला रुकेगा नहीं जारी रहेगा यह भू माफिया बिल्डर के विरुद्ध एमआरटीपी की तहत भी कार्रवाई की जाएगी फिलहाल जिस तरह की कार्रवाई दिवा प्रभाग समिति की ओर से की जा रही है उसको देखते हुए भू माफिया बिल्डरों में हड़कंप गया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से हुए एक अज्ञात युवक की मौत

## ठाणे जीआरपी पुलिस अज्ञात युवक की शिनाख्त में जुटी

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**कलवा।** गत 11 सितंबर सोमवार दोपहर 2:30 बजे कलवा से मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास की:मी नंबर 3808 के पास एक युवक ट्रेन दुर्घटना में घायल अवस्था में मिला ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए उपचार हेतु के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उपचार के दौरान रात 10:33 बजे युवक की मृत्यु हो गई अज्ञात युवक के बारे में किसी प्रकार की कोई शिनाख्त नहीं हुई है ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा इस युवक को 25 वर्षीय हिंदू पुरुष बताया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई 5 फुट 3 इंच है, शरीर



मध्यम, रंग गोरा, चेहरा गोल, और नाक सीधी, बाल काला बड़ा हुआ, पहचान चिन्ह के तौर पर दाहिने कलाई पर अंग्रेजी में रमेश लिखा हुआ है, पंजे पर गुलाब का फूल, दाहिने हाथ पर तीन सितारे और उसके नीचे मुकुट, गर्दन पर अंग्रेजी में रमेश का टैटू, कपड़े शरीर पर काले रंग का हाफ शर्ट, और नीली जींस पैंट, अगर इस मृतक युवक का कोई भी रिश्तेदार या दोस्त पहचान कर लेता है तो ठाणे रेलवे पुलिस से संपर्क करें जांच अधिकारी पुलिस उप निरीक्षक कदम 08097440823 सहायक पुलिस उप निरीक्षक परब 08692982028 और पुलिस हवलदार जमदाडे 8291420124 से संपर्क कर सकते हैं।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई में नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन

मुंबई पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार को शहर में ड्रग्स के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन में मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-9 ने दो संदिग्ध ड्रग डीलरों को गिरफ्तार किया। छापेमारी में उनके पास से भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स बरामद की। आरोपियों के पास से जब्त किये गए नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4 करोड़ रुपये से अधिक है। मुंबई पुलिस ने कहा, क्राइम ब्रांच की यूनिट-9 को मुंबई के अंधेरी में दो संदिग्ध ड्रग तस्करों के होने की टिप मिली थी। जिसके बाद अंधेरी के डीएन नगर इलाके में छापेमारी की गयी और दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 4 करोड़ 6 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गयी है। एक संदिग्ध आरोपी के पास से पुलिस ने लगभग 1016 ग्राम एमडी जब्त की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 2 करोड़ 3 लाख रुपये है। जबकि दूसरे आरोपी के पास से 1017 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2 करोड़ से अधिक है। दोनों तस्करों की उम्र 26 साल के करीब बताई जा रही है। पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 28 वर्षीय युवती की हत्या की गुत्थी सुलझी

जिसमें आरोपी पति-पत्नी अपनी एक साल की बेटी के साथ नीला सूटकेस लेकर जाते दिख रहे है। कथित तौर पर उसी सूटकेस में नैना का शव था। पुलिस के मुताबिक, मेकअप आर्टिस्ट नैना की मुलाकात 43 वर्षीय कॉस्ट्यूम डिजाइनर मनोहर शुक्ला से एक फिल्म सेट पर हुई थी। 2019 में मनोहर की शादी होने तक दोनों रिलेशनशिप में थे। लेकिन मनोहर की शादी के बारे में जब नैना को पता चला तो वह नाराज हो गयी थी। हालाँकि शादी के बारे में पता चलने पर भी मनोहर और नैना संपर्क में थे और वे अक्सर मिलते थे। एक महिला का शव पिछले महीने (12 अगस्त को) नायगांव से 150 किलोमीटर दूर गुजरात के वलसाड में एक खाड़ी के पास मिला था। जिसे नैना का शव माना जा रहा है। दरअसल शव की हालत बेहद खराब थी और चेहरा तक पहचान में नहीं आ रहा था। इसलिए पुलिस ने कुछ दिन बाद शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। लेकिन शव के शरीर पर त्रिशूल का टैटू था। साथ ही ओम पेंडेंट वाला एक चेन भी था। जिससे उसकी पहचान नैना के तौर पर की गयी है। वहीं, इसकी पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है। आरोपी पति-पत्न ी फिलहाल पुलिस हिरासत में है। पुलिस ने उन्हें मंगलवार को कोर्ट में पेश किया था, कोर्ट ने उन्हें 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मनोहर के भाई पर भी अपराध में शामिल होने का संदेह है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऋषि सुनक का नाम लेकर एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर बोला हमला

सीएम शिंदे ने बताया कि उन्हें यह बातें खुद पीएम ऋषि सुनक ने बताया है। महाराष्ट्र के जलगांव के पाचोरा में सोमवार को 'शासन आपल्या दारी' कार्यक्रम था, जिसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शामिल हुए थे। इस दौरान अपने संबोधन में शिंदे ने कहा, हमारा देश महाशक्ति बनने की दिशा में बढ़ रहा है। आज लोग हमारे देश का नाम गर्व से ले रहे हैं... लेकिन इससे भी कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। कुछ समझौते होंगे तो हमारे देश में बड़ी संख्या में उद्योग आएगा, नौकरियाँ मिलेंगी, अपने पैरों पर खड़े होने के लिए काम मिलेगा... लेकिन इन्हें पेट दर्द क्यों हो रहा? उलट इसका स्वागत किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए सीएम शिंदे ने कहा, ..उन्हें अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि उनकी सरकार जा चुकी है.. उनका दिमाग बेकाबू हो गया है। उनके पैरों के नीचे से रेत खिसक गई है।

### महाराष्ट्र में बारिश का दौर शुरू

वहीं, गरज के साथ बारिश व आंधी की चेतावनी (येलो अलर्ट) भी कई जिलों के लिए जारी की गई है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक राज्य के विदर्भ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आज भारी बारिश होगी। जबकि बाकि महाराष्ट्र में हल्की से मध्यम बारिश हो होगी। आज कोंकण के सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, रायगढ़ जिलों व विदर्भ के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है।

# मुंबई पुलिस को पीएफआई की झूठी जानकारी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की टीम ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की झूठी जानकारी देने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अफसर खान उर्फ एमडी अफसर (36) के रूप में की गई है। अफसर खान उर्फ एमडी अफसर पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसका भाई अख्तर वांछित आरोपित है। जानकारी के अनुसार भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में डाक से भेजी गई कई शिकायतें मिलीं, जिनमें दावा किया गया कि प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के करीब 19 से 20 सदस्य मुंबई में दंगे या सांप्रदायिक हिंसा की साजिश रच रहे हैं। इस मामले की छानबीन आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) इकाई ने जांच शुरू की और पाया कि सभी पत्र चेंबूर डाकघर के माध्यम से आए थे। छानबीन में पता चला कि शिकायतें पोस्ट करने के लिए एक बच्चे का इस्तेमाल किया जाता था। उस बच्चे से पूछताछ के बाद पुलिस ने अफसर खान को गिरफ्तार किया है।

# मुंबई में भव्य साहित्यिक समागम 'मुक्तक - उत्सव भाषा का' का सफल आयोजन

## मां टू मॉम का मंच एम टू एम माइक ने मनाया रंगारंग हिंदी दिवस

**मुंबई हलचल/सैयद रिजवान अली**

**मुंबई।** विगत शुक्रवार 8 सितंबर को माँ टू मॉम नामक एक प्रतिष्ठित ग्लोबल फोरम की शाखा एम टू एम माइक द्वारा महानगर के ठाकुर विलेज स्थित ठाकुर कॉलेज ऑफ साइंस और कॉमर्स में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एक शानदार साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता Maa2mom की संस्थापक ज्योति अग्रवाल ने किया व ठाकुर कॉलेज के हिंदी साहित्य परिषद का प्रतिनिधित्व प्रोफेसर दीपक तिवारी, प्रोफेसर अमित सिंह एवं प्रोफेसर आलोक मिश्रा ने किया तथा प्रधानाचार्य चैताली चक्रबर्ती ने कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजकों तथा अभ्यागतों का उत्साहवर्धन किया। उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित पश्चात हेमा नागर राव, सोनीता बेउरा, डिम्पल झाडू द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। उसके बाद विभिन्न प्रस्तुतियों से



पहले माँ टू मॉम की टीम पल्लवी नागर मेहता, हर्षा खन्ना, नीता सुंदराजू, निधि सिंह, सोनीटा ब्यौरा, तेजल भानुशाली गुप्ता का परिचय करवाया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अनेकों जाने-माने कवि व कवयित्रियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अभ्यागत प्रसिद्ध कवयित्री निर्मिका सिंह जी थीं जिन्होंने अपनी स्वलिखित कविताएं सुनाकर हिन्दी भाषा के प्रति सबको जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुछ चुने हुए ख्यातिलब्ध हस्तियों जिनके नाम हैं राकेश तिवारी (द मिलेनियम पोएट), अभिनव नागर, कथाकार इला जोशी, अवंतिका बहुगुना, कवि सुनील उपाध्याय, प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय संगठन महासचिव द्विभाषी लेखिका पत्रकार शशि दीप, वेलिस्ट और अनुवादक करण निम्बर्क, कवयित्री अलका अग्रवाल सिग्तिया, अनीता विजयवर्गीय, दिवाकर त्रिपाठी( कवि और अभिनेता), निहारिका मिश्रा (कवियित्री और कहानीकार), नवीन सी चतुर्वेदी (अभिनेता और ब्रज भाषा कोच) तथा कवयित्री अमिता केडिया को आमंत्रित किया गया था। सभी विशिष्ट अभ्यागतों ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया और अपनी प्रस्तुतियों से दिल जीत लिया। राकेश तिवारी की समोसा पर कविता, सुनील उपाध्याय जी शानदार प्रस्तुति, हिन्दी परिचर्चा, तुलसी, कबीर, रहीम के दोहे व शशि दीप संपादित 64 देश विदेश के कवियों की रचनाओं के संग्रह साहित्य शिखा का विमोचन उल्लेखनीय रहा। इसके अलावा वैशाली भेंडे एवं ग्रुप (प्रियति नृत्यालय) ने कथक नृत्य, इ डांस (कृष्णा दवे एवं टीम) के जोशीले कंटेंपरी डांस, शुचि एवं हरिनी कालिया द्वारा मधुर गीत का भी दर्शकों व अतिथियों ने बहुत आनंद उठाया। माननीय अतिथियों को सम्मान स्वरूप जो उपहार दिए गए उन्हें अदविषा गिफ्टिंग, की ओर से मेहमानों के नाम वाला पेन, 9 वेल्थ फाइनेंशियल सर्विसेज ने डायरी, कला गहन बाय प्रज्ञा द्वारा हाथों से बनाए हुए चुंबक थे इन सबके साथ मां 2 मॉम द्वारा दिया गया पत्र सभी अतिथियों के दिल को छू गया। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोग सम्मिलित हुए और हमारी जुबान हमारी शान हमारा अभिमान हिन्दी का जश्न मनाया। अंत में हर्ष गोपानी के साथ अन्य गायकों ने आशाएं गीत गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संध्या राठी एवं मीत मारू ने किया।

## रावणा राजपूत समाज 23 को जुटेगा राजधानी जयपुर में : राणावत

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** रावणा राजपूत समाज का अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन समाज गौरव हाइफा हीरो प्रथम विश्व युद्ध के नायक मेजर दलपतसिंह देवली के 105 वें बलिदान दिवस पर राजधानी जयपुर में जुटेगा। जिस हेतु तैयारी बेठक भीलवाड़ा हाइफा हीरो भवन जोधड़ास पर सर्व रावणा राजपूत सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष भंवर सिंह भाटी की अध्यक्षता में आयोजित कर रुपरेखा तैयार की गई। संस्थापक अध्यक्ष रतन सिंह राणावत ने सभी कार्यकताओं को अलग अलग जिम्मेदारी लेकर भीलवाड़ा जिले के प्रत्येक तहसील गांव तक इस कार्यक्रम को लेकर समाज बंधुओं से ज्यादा से ज्यादा सम्पर्क करके उनको जयपुर चलने का आह्वान किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार समाज मे मेजर दलपतसिंह देवली के 105 वे बलिदान को लेकर समाज मे खासा उत्साह का माहौल है। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरसिंह टांक ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह भाटी सूरत प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला जयपुर युवा प्रदेश अध्यक्ष श्याम सिंह खोड पाली एवम महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता कवर जी राजस्थान सहित ही कई राज्यो में समाज बंधुओं से संपर्क करके समाज बंधुओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु निमन्त्रण दे रहे हैं। श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान जिलाध्यक्ष भंवर सिंह सोलंकी ने भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में जयपुर चलने का आहवान किया। इस दोहरान भंवर सिंह भाटी भंवर सिंह सोलंकी, सुरेश सिंह बिलिया प्रकाश सिंह राठौड़, सोहन सिंह सोलंकी, उदय सिंह, अमर सिंह, जितेंद्र सिंह, कमल सिंह,राजेश सिंह सिसोदिया, नारायण सिंह चौहान,राजेन्द्र सिंह शेखावत, पीरू सिंह गोड,रवि सिंह,गणपत सिंह, भानु राणावत,कान सिंह चौहान, भैरु सिंह गहलोत,भंवर सिंह राठौड़,दुर्गा सिंह गहलोत सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# तहसील अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शनः जुलूस व सभी न्यायालयों व उपनिबंधक कार्यालय में तालाबंदी

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**मछलीशहर।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुये बर्बर लाठी चार्ज के विरोध में बार कौंसिल आफ उ.प्र. के आह्वान पर तहसील अधिवक्ताओं का तहसीलदार न्यायालय के सामने धरना प्रदर्शन हुआ। जुलूस निकालकर तहसील के सभी न्यायालयों व उपनिबंधक कार्यालय में तालाबन्दी व नारेबाजी हुई और 14 सितम्बर तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। अधिवक्ताओं की मांग थी कि अधिवक्ताओं के साथ महिला अधिवक्ता पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर सस्पेंड किया जाय।




अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमें वापस लिये जांय।प्रदेश में तत्काल एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय। घायल अधिवक्ताओं को मुआबजा दिया जाय। 5 सूत्रिय मांगों का ज्ञापन भी उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया को सौंपा गया।सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 सितम्बर को बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज में आयोजित बैठक में समस्त जिलों व तहसीलों के अध्यक्ष,महामंत्री की उपस्थिति में अग्रिम रणनीति पर बिचार होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद,महामंत्री बनवारी राम मौर्य, दिनेश चंद्र सिन्हा, जगदंबा प्रसाद मिश्रा,केदार नाथ यादव,नागेन्द्र श्रीवास्तव,अशोक श्रीवास्तव, यज्ञ नारायण सिंह,आर पी सिंह,सरजू प्रसाद विन्द, राम आसरे दूबे, प्रेम बिहारी यादव, विनय पाण्डेय, इंदू प्रकाश सिंह, कुंवर भारत सिंह, हरि नायक तिवारी,बाबू राम,भरत लाल यादव, जितेंद्र श्रीवास्तव, वीरेंद्र मौर्य, आलोक विश्वकर्मा,हरि शंकर यादव, आलोक श्रीवास्तव, जे पी दूबे, रमेश बाबा सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे। संचालन विनय प्रिय पांडेय ने किया।

# भूमि त्रिवेदी की गरबा परफॉर्मेंस 'रंगरास' नवरात्रि 2023 में होगी फ्री, आयोजक हैं प्रवीण दरेकर, पिनाकिन शाह

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई** में नवरात्रि के मौके पर कई स्थानों पर गरबा के कार्यक्रम देखने को मिलते हैं, इस साल बोरीवली में धूमधाम से गरबा मनाया जाने वाला है। इस बार संजय लीला भंसाली की क्लासिक फिल्म 'गोलियों की रासलीलाः राम-लीला' के सुपरहिट गीत 'राम चाहे लीला' गाने वाली सिंगर भूमि त्रिवेदी इस गरबा कार्यक्रम में गाने गाकर सभी का दिल बहलाने वाली हैं। रायगढ़ प्रतिष्ठान प्रस्तुत 'रंग रास' का आयोजन प्रवीण दरेकर और पिनाकिन शाह द्वारा किया जा रहा है। कांदिवली मुम्बई के सॉलिटेयर एज में इस संदर्भ में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया जहां भूमि त्रिवेदी और पिनाकिन शाह उपस्थित रहे। इस गरबा की विशेषता यह होगी कि यह सब के लिए मुफ्त होगा। नवरात्रि के अवसर पर गायिका भूमि त्रिवेदी यहां सभी का जबरदस्त मनोरंजन करने वाली हैं। 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक भूमि त्रिवेदी के गीत पर लोगों को गरबा डांस करते हुए देखा जा सकता है। भाजपा विधान परिषद गठनेता (लेजिस्लेटिव काउंसिल एलायंस लीडर) प्रवीण दरेकर ने इस उत्सव को भव्य रूप से करने की घोषणा करते हुए कहा कि हमने पिछले साल भी शानदार प्रोग्राम किया था। इस बार बाला साहेब ठाकरे मनोरंजन उद्यान, चिकूवाडी, बोरीवली में भूमि त्रिवेदी के साथ यह उत्सव मनाने जा रहे हैं उनके




बहुत सारे गाने हिट हैं। इस बार नाममात्र के लिए 200 रुपए एंट्री टिकट रखा गया है हालांकि उसके बदले में लोगों को उससे ज्यादा कीमत की कुछ चीजें मिल जाएंगी तो एक तरह से यह फ़्री ही रहेगा। सिक्युरिटी का भी पूरा ख्याल रखा जाने वाला है। आयोजक पिनाकिन शाह ने कहा कि अब बाला साहेब ठाकरे मनोरंजन ग्राउंड में 1 लाख 60 हजार से ज्यादा लोग आ सकते हैं। हम पूरी सावधानी बरतेंगे जैसी सावधानी पिछले साल रखी गई थी ताकि कोई दुर्घटना न हो। भूमि त्रिवेदी भी इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। भूमि त्रिवेदी ने आयोजकों प्रवीण दरेकर और पिनाकिन शाह का आभार जताया और कहा कि रंग रास नवरात्रि 2023 में परफॉर्म करना मेरे लिए बहुत खुशी और सौभाग्य की बात है। मुंबई मेरी कर्मभूमि है और मुम्बई की ऑडियंस को मैं बखूबी जानती हूं। बोरीवली में इतने बड़े प्रोग्राम में परफॉर्म करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैंने और मेरी टीम ने इस प्रोग्राम के लिए ढेर सारी तैयारी शुरू कर रखी हैं। इस बार हम बहुत अच्छे अच्छे गाने लेकर आ रहे हैं। 15 अक्टूबर से बालासाहेब ठाकरे ग्राउंड बोरीवली में हम परफॉर्म करने जा रहे हैं। मैं सभी को इनवाइट करती हूं कि आप सब यहां आएं और गरबा में झूमें नाचें। गुजराती गीत तो होंगे ही हिंदी गाने भी पब्लिक को सुनने को मिलेंगे। गीत संगीत में एक डिवाइन कनेक्शन होता है और मैं इस बात में पूरी तरह विश्वास करती हूं। भूमि त्रिवेदी सिंगिंग के साथ लिखती और गाती भी हैं। यहां उन्होंने कई गीत गाकर सुनाए। उन्होंने कहा कि फिल्म रामलीला की गुजराती पंक्तियां भी मैंने लिखी हैं। मैंने कुछ गाने कम्पोज भी किए हैं जो सलीम सुलेमान के रिकॉर्ड लेबल पर हैं। ऑडिएंस को इस कार्यक्रम में खूब मजा आने वाला है।

## मंत्री प्रत्याशी चुनाव में अधिवक्ताओं ने खुला समर्थन का किया ऐलान



**मुंबई हलचल/ संवाददाता / प्रयागराज।** जिलाअधिवक्ता संघ मंत्री प्रत्याशी चुनाव में बुधवार को रत्नेश शुक्ला को अधिवक्ताओं ने जीत भरोसा एवं समर्थन दिलाते हुए क्षेत्रो में प्रचार प्रसार तेजी कर रहे हैं इस दौरान एडवोकेट अरविंद त्रिपाठी, विजयकांत पांडे, रामसुंदर, विकास पांडे, आदि भारी संख्या में अधिवक्ता गण लोग उपस्थित रहे।

# मुंबई में ईद ए मिलादुन्नबी का जुलूस 29 सप्टेंबर को निकाला जाएगा खिलाफत हाउस में हुई बैठक



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में गणेश उत्सव और ईद ए मिलादुन्नबी के मौके पर आपसी भाई चारा बना रहे और माहौल खराब करने वालों को कोई मौका ना मिले इस लिए। मुंबई के खिलाफत हाउस में एक बैठक बुलाई गई और ईद ए मिलादुन्नबी का जुलूस मुंबई में 29 सप्टेंबर को निकाल ने फैसला किया गया। कांग्रेस लिडर आरीफ नशीम खान ने कहा कि फिलहाल सभी ने एक साथ यह फैसला लिया है की मुंबई में गणेश उत्सव गणपति विसर्जन और ईद ए मिलादुन्नबी 28 सप्टेंबर को दोनों त्योहार एक साथ होने की वजह से मुंबई में 29 सप्टेंबर को ईद ए मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जाएगा और इस तरहां आपसी भाई चारा भी बना रहेगा।

# पटौदी में मुस्लिम बच्चा अनस और नंदी बैल की दोस्ती का दिखा अनोखा नजारा

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**पटौदी।** आरिफ और सारस की दोस्ती कि चर्चा तो आपने सोशल मीडिया पर खूब सुनी होगी ऐसे ही एक अनोखी दोस्ती पटौदी में देखने को मिल रही है जानकारी के अनुसार पटौदी के मुस्लिम 4 वर्षीय बेबी मोहम्मद अनस खान और नंदी बैल की दोस्ती की चर्चा का बाजार गर्म है के बताया जा रहा है की नंदी बैल 2 महीने से रोज सुबह 7:00 बजे के आसपास बेबी अनस को उठाने घर पर आता है और जब तक अनस नंदी बैल से ना मिले वह गेट से एक कदम भी आगे नहीं जाता और सभी को सींगों से मारने की कोशिश करता गौरतलब है की बेबी अनस के साथ बहुत ही प्यार और दुलार करता है और बेबी अनस भी उसको रोज रोटी खिलाता है और कुछ देर तक उसके साथ खेलता भी है कई बार



तो दिन में दो से तीन बार अनस से मिलने के लिए घर पर आता है और घर का गेट बजाता है और और भगाने पर भी गेट के आगे से नहीं जाता है इस बारे में जब हमारे संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया की यह मेरा दोस्त है मुझे स्कूल के लिए उठाने आता है और मैं इसको रोटी खिलाता हूं ऐसा करना मुझे बहुत अच्छा लगता है।

# सवाई माधोपुर नगर परिषद में निर्दलीय पार्षद व अधिकारियों के फजीवाड़े से लाखों का घोटाला

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** कहते हैं रक्षक ही जब भक्षक बन जाए तो कोई क्या करें? यह बात राजस्थान के जिला सवाई माधोपुर के नगर परिषद मे तैनात संबन्धित अधिकारीयों व कर्मचारियों पर चरित्रार्थ साबित हो रही है जहाँ एक निर्दलीय पार्षद के साथ मिल कर इन लोगों ने ऐसा फर्जीवडा किया हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं। हिंदुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाईकोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर उर्फ राजा भईया ने इस बाबत लिखित शिकायतें जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक और मानटाउन थाने के प्रभारी को भेज लिखित में दर्ज कराई है, उन्होंने एक प्रतिष्ठित अखबार मे छपी खबर को आधार बना ये शिकायतें दर्ज कराई है बकोल राजा भईया ने इस बाबत एक प्रेस नोट व दी गई शिकायतों की प्रतियां राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ से साझा करते हुए बताया कि पिछले दिनों सवाई माधोपुर नगर परिषद के तत्कालीन सभापति के कार्यालय मे जिले की वेयर हॉउस कालोनी के भूखंड संख्या बी -51 और बी -52 की नीलामी की गई थीं जिसमे एक निर्दलीय पार्षद योगेंद्र सिंह उर्फ विक्की ने सबसे अधिक बोली लगा कर लगभग अस्सी लाख रुपए में इन भूखंडो को अपने और अपने भाई राजेंद्र के ना क्रय किए था, उस समय लगभग आधी राशि का भुगतान मौके पर ही कर दिया गया था और शेष राशि लगभग साठ लाख के चैक नगर परिषद को दिए थे, जो कि दिए चैक जून माह मे उनके खाते मे पर्याप्त राशि ना होने के कारण बाउंस / डिसऑनर हो गए। बाबजूद इसके जुलाई माह में नगर परिषद के संबन्धित




अधिकारियों और कर्मचारियों ने पार्षद से मिली भगत कर उपरोक्त दोनों भूखंडो के पट्टे पार्षद व उनके भाई के नाम जारी कर दिए। राजा भईया ने अपनी दी शिकायतों मे आरोप लगाए है कि बिना मिली भगत के इतना बड़ा फर्जीवडा नहीं किया जा सकता चैक डिसऑनर होने के बाद यानी शेष साठ लाख रूपए का भुगतान ना होने पर भी आखिर पार्षद व उनके भाई के नाम पट्टे कैसे जारी किए गये ? और मजे की बात यह है की इतना सब होने के बाद ना तो इन पट्टो को नगर परिषद ने रद्द किया ना किसी को कोई नोटिस जारी किया और ना ही इस बाबत किसी के विरुद्ध कोई पुलिस रिपोर्ट ही दर्ज कराई ? जबकि यह एक सोची समझी साजिश के तहत स्वयं को लाभ पहुँचाने की मंशा से मिली भगत कर किया गया फर्जीवड़े का अपराध है। जिसके लिऐ भारतीय दण्ड सहिंता की भिन्न भिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए था ! अब राजा भईया ने उपरोक्त अधिकारियों को शिकायत देकर सभी संबन्धित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही करने और विभागीय जाँच करा कर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। कानून की नजर से देखा जाए तो मामला अत्यंत गंभीर प्रवृति का है और आरोपी भी कोई हल्के फुल्के व्यक्ति नहीं बल्कि राजनितिक पहुँच रखने वाले और कुछ सरकारी अधिकारी व कर्मचारी है, अब देखना यह होगा कि राजा भईया की शिकायतों पर आखिर कब तक और क्या क्या कार्यवाही और किस किस के विरुद्ध होती हैं।




दैनिक मुंबई हलचल
जरूरी सूचना
पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.
धन्यवाद... संपादक
9821238815

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जागड़ा मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**देहरादून** दिनांक 13 सितम्बर 2023,(जि. सू. का) जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेªट में चालदा महासू महाराज मन्दिर आयोजित होने वाले जागड़ा मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 18 एवं 19 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाले मेले के आयोजन स्थल हनोल एवं दसोऊ में सभी व्यवस्थाएं सुचारू की जाएं। उन्होंने लोनिवि, पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सड़क एवं वैकल्पिक मार्ग ठीक करने तथा सड़कों की सफाई के निर्देश दिए। इस वर्ष मेले/जागड़े में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना का दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस को यातायात के साथ ही कर्यक्रम स्थल एवं मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाने तथा बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस का भी सहयोग लिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थलों मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन वाहन रखने के निर्देश दिए तथा पार्किंग हेतु समीप ही स्थान चिन्हित करने को कहा। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था तथा विद्युत के वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को यात्रा मार्ग पर छोटे सवारी वाहनो की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को त्यूनी एवं नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप जिला चिकित्सालयों में व्यवस्था रखने तथा कार्यक्रम स्थल पर मय चिकित्सकीय टीम के साथ एम्बुलेंस तैनात रखने के निर्देश दिए। मन्दिर समिति को आयोजन स्थल पर सफाई व्यवस्था के साथ ही जगह-2 कूड़ादान रखने तथा मोबाईल शौचालय की व्यवस्था रखने के निर्देश पर्यटन विभाग को दिए।

# चमोली पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन इवनिंग स्टार्म अभियान', चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**चमोली।** अब 'सभ्यजनों से बैर नहीं, अराजक तत्वों की खैर नहीं' चमोली पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन इवनिंग स्टार्म अभियान', चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा सभी थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि बिना हेलमेट/बिना लाईसेन्स/रैश ड्राइविंग/नशे मे वाहन चलाने/खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले/ होटल, ढाबों, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने /पिलाने/ धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध 'ऑपरेशन इवनिंग स्टार्म' चलाते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस की टीम सादे वस्त्रों में लगातार गश्त करेगी व अराजक तत्वों पर नजर रखते हुए कार्यवाही करेगी इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक गोपेश्वर सुश्री नताशा सिंह के पर्यवेक्षण व व0उ0 नि0 संजीव चौहान के नेतृत्व में आज दिनांक 12/09/2023 को थाना गोपेश्वर द्वारा नगर में चैकिंग अभियान चलाया गया। गोपेश्वर क्षेत्रान्तर्गत स्कूल में पड़ने वाले बच्चो/नाबालिकों द्वारा सडक पर स्टंट, नशे मे बाईक चलाना, नशाखोरी करना तथा छीटाकंशी करने वाले 06 नाबालिक बच्चों को थाने पर लाकर उनके परिजनों के समक्ष काउन्सलिंग कर बच्चो को हिदायत देकर सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कहा गया कि ऑपरेशन इवनिंग स्टार्म का लक्ष्य आमजनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना एवं आवंछनीय गतिविधियों में लिप्त लोगों में पुलिस का भय पैदा करना है। यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

# श्री बद्रीनाथ पुलिस द्वारा दो नाबालिकों को सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** नाबालिक बच्चों के गुमशुदा होने पर परिजन थे परेशान चमोली पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के तहत सकुशल किया बरामद तो लौटी चेहरों पर मुस्कान। कोतवाली श्री बद्रीनाथ पुलिस द्वारा दो नाबालिकों को सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द । दिनांक 12.9.2023 को नीतू देवी पत्नी चंदन कुमार निवासी ग्राम नेर थाना मखदुमपुर जिला जहानाबाद बिहार द्वारा कोतवाली बद्रीनाथ पर सूचना दी गयी, कि मेरा पुत्र जिगर कुमार उम्र 11 वर्ष* व मेरी बहिन अंजली देवी पत्नी सुचित पांडे निवासी विराजबीघा तहसील आम्बा जिला औरंगाबाद बिहार का पुत्र गोलू कुमार उम्र 17 वर्ष* जो की चरण पादुका की तरफ चले गए हैं ।जिनके नंबर पर मेरे द्वारा लगातार संपर्क किया जा रहा है लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा हैं । उनको गए हुए काफी समय हो गया है। इस सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराते हुए व0उप0नि0 लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण एसडीआरएफ टीम* के साथ दोनों नाबालिग बच्चो की ढूंढ-खोज हेतु चरण पादुका की तरफ रवाना हुए। उक्त पुलिस टीम द्वारा चरण पादुका से आगे नीलकंठ ट्रैक में करीब 4 किलोमीटर आगे ऋषि गंगा नदी के दाहिनी तरफ दोनों नाबालिगों को सकुशल बरामद किया गया। जिनके द्वारा बताया गया कि हम चरण पादुका से आगे नीलकंठ ट्रैक के लिए घूमने निकले थे। लेकिन चरण पादुका से करीब 4 किलोमीटर आगे कोहरा होने के कारण रास्ता भटक गये व ट्रैक में आगे न जाकर दाहिनी तरफ चले गए जिससे हमें रास्ते का सही पता नहीं चल पाया और हमें आगे रास्ता नहीं मिला तथा नेटवर्क ना होने के कारण हमारा किसी से भी कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था।

# पौड़ी पुलिस ने की फरार वारण्टियों के विरुद्ध की ताबडतोड़ कार्यवाहियाँ




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पौड़ी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में पौड़ी पुलिस ने फरार चल रहे 03 वारण्टियों को किया गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा सभी थाना प्रभारियों को मा0 न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारण्ट की शत प्रतिशत तामील कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये हैं। 1. जिसके क्रम में कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.09.2023 को माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार द्वारा जारी वाद संख्या-1280/13, धारा-25 आर्म्स एक्ट भा0द0वि से सम्बन्धित वारण्टी राजेन्द्र कुमार को कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया। 2. माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार द्वारा जारी वाद संख्या-1455/22, धारा-60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी सुभम क्षेत्री को कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया। 3. माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीनगर द्वारा जारी वाद संख्या-76 /2016, धारा-138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी नन्द किशोर को गिरफ्तार किया गया।1. राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 नरेश कुमार, निवासी-प्रजापति नगर, गाडीघाट, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल। 2. सुभम क्षेत्री पुत्र शेर सिंह, निवासी-विकासनगर, वर्तमान पता-गाड़ीघाट कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल।3. नन्द किशोर पुत्र स्व ख्याली दत्त, निवासी- कस्बा व थाना भतरोजखान, जनपद- अल्मोडा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को देश भर में 'आयुष्मान भवः' अभियान का शुभारंभ किया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून** दिनांक 13 सितम्बर 2023,(जि. सू. का) माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को देश भर में 'आयुष्मान भवः' अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान को राज्य में सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा गया। आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ के अवसर पर कोरोनेशन जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक राजपुर खजानदास ने प्रतिभाग किया। 'आयुष्मान भवः' अभियान के तहत गांवों में स्वास्थ्य मेलों के आयोजनों के साथ ही सेवा पखवाड़े में चलने वाले अभियानों के तहत सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों,अस्पतालों में पीएम मोदी की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक मुफ्त स्वास्थ्य जांच व उपचार किया जाएगा। माननीय विधायक राजपुर खजान दास ने 'आयुष्मान भवः' अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हिंदुस्तान के लिए यह बहुत बड़ी पहल है। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का फायदा हर व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ यह अभियान शुरू किया गया है। इससे लोगों के अंदर एक नई क्रांति आएगी और स्वास्थ्य के प्रति नई जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा चलेगा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक यह सेवा पखवाड़ा न्याय पंचायतों, ब्लाकों, हेल्थ एवं वैलनेस सेंटरों में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ शिखा जंगपांगी सहित अन्य चिकित्सक एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# शरीर को स्वस्थ रखने के साथ वजन कम करने में मदद करते हैं ये 4 डिटॉक्स वाटर



स्वस्थ रहने के लिए शरीर को डिटॉक्स करना बहुत जरूरी है। बॉडी डिटॉक्स करना यानि शरीर के अंदर के विषैले पदार्थों को बाहर निकालना। आज हम आपको ऐसे डिटॉक्स वॉटर बताने जा रहे हैं जो शरीर को टॉक्सिन्स रहित बनाने के साथ पाचन तंत्र के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके अलावा इसे पीने से स्किन साफ, लिवर स्वस्थ रहता है और यह एनर्जी बूस्ट करने में मदद करता है। आइए जानिए घर पर कैसे बनाएं डिटॉक्स वाटर?



1. अनानास का डिटॉक्स वाटर – अनानास से तैयार वाटर एक्सट्रा चर्बी कम करने में मदद करता है। इसे बनाने के लिए अनानास और नींबू के टुकड़े बारीक काट लें। फिर इसे जार में लेकर इसमें पुदीने के पत्ते, पानी और बर्फ के टुकड़े डालें। अब इसे 4 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें और फिर पीएं।

२. स्ट्रॉबरी-किवी का डिटॉक्स वाटर – स्ट्रॉबरी और किवी में विटामिन्स, पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इससे तैयार डिटॉक्स वाटर पीने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में न्यूट्रिशन मिलता है और यह टॉक्सिन्स निकालने में मदद करता है। इसे तैयार करने के लिए स्ट्रॉबरी और किवी के बारीक टुकड़ें काट लें और इसे पानी में डाल कर इसमें पुदीने के पत्ते और बर्फ के टुकड़ें डालें। फिर इसे ६ घंटे के लिए फ्रिज में रखें।

३. संतरे और खीरे का डिटॉक्स वाटर – शरीर को टॉक्सिन रहित बनाने के लिए संतरे और खीरे से तैयार डिटॉक्स वाटर काफी फायदेमंद है। यह शरीर को बीमारियों से भी बचाए रखता है। संतरे में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है और खीरा शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है। इससे डिटॉक्स वाटर तैयार करने के लिए पुदीने के पत्ते और खीरे को काट कर पानी में डालें। फिर इसमें संतरे के टुकड़े डाल कर फ्रिज में २ घंटे के लिए रख दें।

4.तरबूज और खीरे का डिटॉक्स वाटर – यह शरीर को टॉक्सिन्स रहित करने के साथ पाचन तंत्र के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसके लिए तरबूज, खीरे और पुदीने के पत्ते काटकर जार में डालें और फिर इसे फ्रिज में 4 घंटे के रखें। फिर इसे पीएं।

## महीने में Fairness पाने के लिए नेचुरल तरीके से बनाएं यह क्रीम



गोरापन हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। हर लड़की भी यही चाहती है कि किसी न किसी तरीके उसकी त्वचा में निखार आ जाए। इसके लिए वह कई तरह की फेयरनेस क्रीम का इस्तेमाल भी करती हैं। कई बार इन क्रीम्स में मौजूद केमिकल त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। अगर घर पर नेचुरल तरीके से फेयरनेस क्रीम बनाकर इस्तेमाल की जाए तो जल्दी फायदा मिलता है।

**जरूरी सामान –** 1 टेबलस्पून नींबू का रस
3 टेबलस्पून गुलाब जल
1 टेबलस्पून बादाम या ऑलिव ऑयल
2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल

क्रीम बनाने का तरीका

सबसे पहले नींबू के रस और गुलाब जल को अच्छे से मिक्स कर लें। अब चंदन के पाउडर को इसमें डालकर मिक्स करें। इसके बाद इसमें ऑलिव ऑयल या फिर बादाम का तेल मिलाएं और अच्छी तरह मिक्सी में डालकर मिला लें। जब यह मिक्स हो जाए तो इसमें एलोवेरा जेल डाल दें और मिक्सी में सारे मिश्रण को अच्छे से मिला लें। जब यह क्रीम की तरह बन जाए तो इसे एयरटाइट डिब्बी में डाल कर रख लें।

**इस तरह करें इस्तेमाल –** इसे इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को गुलाब जल के साथ अच्छी तरह से क्लीन कर लें। अब हथेली पर थोड़ी-सी क्रीम लेकर इसे चेहरे पर अप्लाई करें। इसकी चेहरे पर अच्छी तरह से मसाज करें। एक महीने तक दिन में लगातार 2 बार इस क्रीम का इस्तेमाल करें। इससे नेचुरल तरीके से चेहरे का रंग गोरा होना शुरू हो जाएगा।

## कोशिश करने के बाद भी नहीं छूट रही शराब की लत तो अपनाएं ये टिप्स

आज 10 में 7 लोग शराब पीने के आदी हैं। शराब की लत ने ना सिर्फ उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी है बल्कि उनके परिवार वाले भी इस आदत से दुखी हैं। शराब पीने की वजह से कई घर टूट रहे हैं। अपने परिवार को अच्छा माहौल देने के लिए कुछ लोग तो इस गंदी आदत को छोड़ना भी चाहते हैं। मगर कई बार कोशिश करने के बाद भी वह शराब छोड़ नहीं पाते। अगर आप शराब छोड़ने का मन बना चुके हैं तो ये घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं।

**1. गाजर का जूस –** जो लोग शराब छोड़ना चाहते हैं उनके लिए गाजर बहुत बढ़िया है। रोजाना गाजर का जूस पीने से शराब पीने की इच्छा खत्म होती है। इसके साथ ही शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

**2. खजूर –** शराब की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं तो खजूर को दूध के साथ मिसकर करके पीएं। इसको पीने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. करेले के पत्ते –** करेले के रस से भी शराब की लत को कुछ ही दिनों में दूर किया जा सकता है। करेले के पत्तों को पीसकर इसका रस निकाल लें। फिर इसमें शहद के 2 चम्मच मिलाकर पीए लें।



**4. अंगूर –** शराब जो है वह अंगूर से ही बनती है। अगर आप रोजाना अंगूर खाना शुरू कर देते हैं तो कुछ ही दिनों में शराब पीने की आदत छूट जाएगी।

**5. अजवाइन –** 1 गिलास पानी में अजवाइन डालकर उसको तब तक उबालें जब तक वह आधा ना रह जाए। अब इस पानी को ठंडा होने के बाद पीएं। लगातार 1 महीने तक इस पानी को पीने से शराब पीने की इच्छा कम होगी।

**6. शिमला मिर्च –** शिमला मिर्च को पीसकर इसका जूस निकाल लें। रोजाना खाना खाने के बाद आधा कप शिमला मिर्च का जूस पीएं। ऐसा करने से थोड़े दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**7. अदरक का तेल –** अदरक का तेल या इसकी चाय पीने से भी शराब छोड़ने में मदद मिलती है।



• दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# SAQUIB AKHTAR RIZVI

## MEMORIAL CANCER AWARENESS MARATHON

**5TH EDITION 2023**

RUMI CARE
HELP YOURSELF FOUNDATION
BANDRA, MUMBAI.

## FUNDRAISING EVENT




**2023**
**01ST OCT**
*Sunday*

**5:00AM ONWARDS**
**MMRDA GROUND G8 BKC, MUMBAI**

- **3 KM** SCHOOL STUDENTS
- **3 KM** WHEEL CHAIR RACE
- **5 KM** RUN
- **10 KM** RUN
- **21 KM** HALF MARATHON

#rumicare #kickcancer

CERTIFIED BY

AIMS
Association of International Marathons and Distance Races

REGISTRATION PARTNER

DECATHLON
ATRIA, WORLI
SPORT FOR ALL - ALL FOR SPORT



## Winners

Cash Prizes, Trophies &
Gift Hampers for the Winners

| | 1st Prize | 2nd Prize | 3rd Prize |
|---|---|---|---|
| 21 KM | 21000 | 11000 | 9000 |
| 10 KM | 11000 | 8000 | 5000 |
| 5 KM | 5000 | 3000 | 2000 |

Finishers will get E- Certificates and Medal

Dr. Alkama G. Faqih | 93234 09313

rizvimarathon@gmail.com

https://www.townscript.com/e/saquib-rizvi-memorial-cancer-awareness-marathon-320123

www.helpyourselffoundation.in

rizvimarathon

rizvimarathon

rizvi_marathon